# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
# Directorate of Education, GNCT of Delhi

**अभ्यास प्रश्न पत्र / Practice Paper**

**कक्षा – XII / Class – XII**

**राजनीति विज्ञान (कोड: 028) / Political Science (Code: 028)**

**सत्र-2 (2021-2022) / Term-2 (2021-2022)**

**समय: 2 घंटे / Time: 2 hours** **अधिकतम अंक: 40 / M. M. : 40**

**सामान्य निर्देश: / General Instructions:**

1. **प्रश्न पत्र में A,B, और C कुल तीन भाग हैं।**
   The question paper has a total of 3 sections A,B, & C.

2. **भाग A में 8 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का हे। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिये।**
   Section A has 8 questions of 2 marks each. Answers to these questions should be completed within 50 words each.

3. **भाग B में 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिये। मानचित्र प्रश्न का उत्तर दिये गए निर्देश के अनुरूप दीजिये।**
   Section B has 3 questions of 4 marks each. Answers to these questions should be completed within 100 words each. Answers to the map question should be attempted accordingly.

4. **भाग C में 6 अंक के 2 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 170 शब्दों में दीजिये।**
   Section C has 2 questions of 6 marks each. Answers to these questions should be completed within 170 words each.

| प्रश्न संख्या Q.N. | **अनुभाग - ए / Section-A** | अंक Marks |
|---|---|---|
| 1. | भारत को किन आधारों पर 21वीं शताब्दी की एक 'उदीयमान शक्ति' माना जा सकता है?<br>On which grounds India can be considered as an 'Emerging Power' of the 21st century?<br>अथवा / or<br>आसियान के कोई दो उद्देश्य लिखिए.<br>Write any two objectives of ASEAN. | 2<br><br>2x1=2 |
| 2. | दक्षिण एशिया क्षेत्र की प्रमुख विशेषताएं लिखिए.<br>Mention salient features of the South Asian region. | 2 |
| 3. | भारत में किन मुद्दों पर विभिन्न दल आपसी सहमति दर्शाते हैं? किन्हीं दो मुद्दों को लिखिए।<br>On which issues various parties show consensus? Write any two such issues. | 2x1=2 |
| 4. | गठबंधन सरकार से आप क्या समझते हैं?<br>What do you mean by coalition government? | 2 |
| 5. | एकात्म मानववाद का दर्शन किन तीन सिद्धांतों पर आधारित है?<br>Mention three principles of Integral Humanism. | 2 |
| 6. | भारतीय राजनीति में आपातकाल के बाद सत्ता में आयी जनता पार्टी की शासन व्यवस्था पर अपने विचार व्यक्त कीजिये।<br>Express your views on the governance of Janta Party which came into power after the emergency. | 2 |
| 7. | ब्रिक और ब्रिक्स में अंतर लिखिए।<br>Differentiate between BRIC and BRICS. | 2 |
| 8. | लोकतान्त्रिक समाजवाद के कोई दो सिद्धान्त लिखिए।<br>Write any two principles of democratic socialism. | 2x1=2 |
| | **अनुभाग - बी / Section- B** | |
| 9. | वैश्वीकरण ने वैश्विक संस्कृति को किस प्रकार प्रभावित किया है? | 4 |

<table>
<tr><td></td><td>How does Globalisation affect global culture?</td><td></td></tr>
<tr><td>10.</td><td>भारत में एक दलीय व्यवस्था के स्वरूप और अन्य देशों से इसकी भिन्नता को स्पष्ट कीजिये।<br>Clarify the nature of one party system in India and differentiate it with other countries.</td><td>4</td></tr>
<tr><td>11.</td><td>विश्व के दिये गए मानचित्र में ए, बी, सी और डी से चार देश दर्शाये गए हैं। दी गयी जानकारी के आधार पर इन देशों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तरपुस्तिका में निम्नलिखित तालिका के रूप में लिखिए।
<table>
<tr><th>क्रम संख्या</th><th>संबन्धित अक्षर</th><th>देश का नाम</th></tr>
<tr><td>i</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>ii</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>iii</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>iv</td><td></td><td></td></tr>
</table>
1. वह देश जिसमें ब्रिक्स का 11वाँ सम्मेलन 2019 में सम्पन्न हुआ.<br>
2. वह देश जो अपने विघटन से पूर्व सोवियत संघ का सबसे बड़ा भाग था।<br>
3. वह देश जो 2001 में विश्व व्यापार संगठन का सदस्य बना।<br>
4. वह देश जो आसियान का संस्थापक देश है।<br>
In the given map of the World four countries are shown with the alphabet with A,B,C and D. Identify these countries on the basis of given information and write in your answer book as mentioned in the table below-
<table>
<tr><th>S.N.</th><th>Concerned Alphabet</th><th>Name of the Country</th></tr>
<tr><td>i</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>ii</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>iii</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>iv</td><td></td><td></td></tr>
</table>
1. Country where 11th summit of Brazil was held in 2019.<br>
2. Country which was the largest country of the USSR before its</td><td>4x1=4</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | disintegration.<br>3. Country which became a member of WTO in 2001.<br>4. Country which is a founder member of ASEAN.<br> | |
| | **अनुभाग - सी / Section- C** | |
| 12. | वैश्वीकरण ने विश्व को आर्थिक दृष्टिकोण से किस प्रकार प्रभावित किया? किन्हीं तीन प्रभावों का वर्णन कीजिये.<br>How did globalisation affect the world economically? Explain any three influences.<br>अथवा/or<br>वैश्वीकरण के युग में भारत किस प्रकार 5 ट्रिलियन अमरीकी डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है? अपने विचार व्यक्त कीजिये.<br>How can India achieve the goal of a 5 trillion US dollar economy in the age of Globalisation? | 6 |
| 13. | एनडीए 4 से आप क्या समझते हैं? एनडीए 4 द्वारा विकास के लिए अपनाए गए किन्हीं दो महत्वपूर्ण एजेंडों के विषय में लिखिए. | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| | What do you understand about NDA 4? Write about any two agenda of development which were adopted by NDA 4?<br>अथवा/or<br>'मंडल कमीशन' की अध्यक्षता किसने की थी? इसकी स्थापना क्यों की गयी थी? इसकी मुख्य सिफारिशों को लिखिए.<br>Who headed 'Mandal Commission'? Why was it established? Mention its main recommendations. | 2+2+2 =6 |

**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली**

**Directorate of Education, GNCT of Delhi**

**Suggestive Answers**

**Class- 12**

**Subject - Political Science**

**Term-2 (Session-2021-2022)**

| प्र.सं.<br>Q.N. | अनुभाग- ए / Section-A | अंक<br>Marks |
|---|---|---|
| **1.**<br>उत्तर | **भारत को किन आधारों पर 21वीं शताब्दी की एक 'उदीयमान शक्ति' माना जा सकता है?**<br>1. विश्व में मानवीय संसाधन के लिहाज से भारत एक समृद्ध देश है।<br>2. भारत विश्व का एक विशाल प्रतिस्पर्धी केंद्र है।<br>3. भारत का लक्ष्य भविष्य में 5 ट्रिलियन अमरीकी डालर की अर्थव्यवस्था को प्राप्त करना है।<br>4. सामरिक दृष्टिकोण से भारत की सैन्य शक्ति, परमाणु तकनीक के साथ इसे आत्मनिर्भर बनाती है। | 2 |
| | अथवा | |
| उत्तर | आसियान के कोई दो उद्देश्य लिखिए.<br>1. क्षेत्रीय शान्ति और स्थायित्व को सुनिश्चिचित करना.<br>2. क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक सहयोग को बढावा देना.<br>3. कृषि, उद्योग,व्यापार, आवागमन और संचार के विस्तार के लिए सक्रिय रूप से साझेदारी करना.<br>4. समान उद्देश्यों वाले अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों के साथ बेहतर सम्बन्ध बनाना.<br>(कोई दो) | 2x1=2 |
| **2.**<br>उत्तर | **दक्षिण एशिया क्षेत्र की प्रमुख विशेषताएं लिखिए.**<br>1. यह विश्व का जनसंख्या बाहुल्य वाला क्षेत्र है.<br>2. इसके क्षेत्र के देश विकासशील देशों की श्रेणी में आते हैं.<br>3. यहाँ की अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान है.<br>4. भारत इस क्षेत्र का एक प्रमुख देश है. | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | 5. इस क्षेत्र के देशों ने अपने क्षेत्र के विकास के लिए सार्क नामक संगठन की स्थापना की है. | |
| **3.**<br>उत्तर | **भारत में किन मुद्दों पर विभिन्न दल आपसी सहमति दर्शाते हैं? किन्हीं दो मुद्दों को लिखिए।**<br>1. आर्थिक नीति पर सहमति<br>2. देश के प्रशासन के मुद्दों में प्रांतीय दलों की भूमिका की स्वीकृति | 2x1=2 |
| **4.**<br>उत्तर | **गठबंधन सरकार से आप क्या समझते हैं?**<br>जब चुनाव के बाद किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता है तो दो या दो से अधिक दल मिलकर सरकार बनाते हैं. ऐसी सरकार को गठबंधन सरकार कहते हैं. | 2 |
| **5.**<br>उत्तर | **एकात्म मानववाद का दर्शन किन तीन सिद्धांतों पर आधारित है?**<br>एकात्म मानववाद का दर्शन निम्लिखित तीन सिद्धांतों पर आधारित है-<br>1. समग्रता की प्रधानता<br>2. धर्म की सर्वोच्चता<br>3. समाज की स्वायतत्ता | 2 |
| **6.**<br><br>उत्तर | **भारतीय राजनीति में आपातकाल के बाद सत्ता में आयी जनता पार्टी की शासन व्यवस्था पर अपने विचार व्यक्त कीजिये।**<br>परीक्षार्थी स्वविवेक से उत्तर देंगे। | 2 |
| **7.**<br>उत्तर | **ब्रिक और ब्रिक्स में अंतर लिखिए।**<br>ब्रिक शब्द ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन को संदर्भित करता है। 2009 में दक्षिण अफ्रीका के इसमें शामिल हो जाने के बाद यह ब्रिक्स हो गया। | 2 |
| **8.**<br>उत्तर | **लोकतान्त्रिक समाजवाद के कोई दो सिद्धान्त लिखिए।**<br>**लोकतान्त्रिक समाजवाद के दो सिद्धान्त निम्लिखित हैं-**<br>1. भोजन एवम शरण के रूप में आर्थिक उद्देश्य<br>2. लोकतन्त्र एवम स्वतन्त्रता के रूप में गैर-आर्थिक उद्देश्य | 2x1=2 |
| | **अनुभाग - बी / Section- B** | |
| **9.**<br>उत्तर | **वैश्वीकरण ने वैश्विक संस्कृति को किस प्रकार प्रभावित किया है?**<br>1. वैश्वीकरण से सांस्कृतिक समरूपता आई है.<br>2. प्रत्येक देश की संस्कृति की मौलिकता प्रभावित हुई है.<br>3. संस्कृतियों में पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव में वृद्धि हुई है.<br>4. सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण को बढावा मिला है. | 4 |

**10.** **भारत में एक दलीय व्यवस्था के स्वरूप और अन्य देशों से इसकी भिन्नता को स्पष्ट कीजिये।** 4

उत्तर

स्वतन्त्रता के बाद भारत में एक लंबे समय तक एक दल का शासन रहा। इसके लिए भारत का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, चुनाव प्रणाली, दल की विचारधारा व उसका व्यापक सामाजिक आधार उत्तरदायी था।

अन्य देशों से इसकी भिन्नता-

- चीन, क्यूबा,सीरिया में संविधान के द्वारा ही एक दल को अनुमति दी गयी है।
- म्यांमार, बेलारूस व इरिट्रिया में कानून व सैन्य उपायों के तहत यह प्रभुत्व कायम हुआ।
- मेक्सिको में PRI पार्टी का शासन रहा।

इन सबके विपरीत भारत में परिस्थितियों के फलस्वरूप एक दलीय व्यवस्था का शासन रहा।

**11.** **विश्व के दिये गए मानचित्र में ए, बी, सी और डी से चार देश दर्शाये गए हैं। दी गयी जानकारी के आधार पर इन देशों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तरपुस्तिका में निम्नलिखित तालिका के रूप में लिखिए।** 4x1=4

उत्तर

| क्रम संख्या | संबन्धित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| i | A | ब्राज़ील |
| ii | B | रूस |
| iii | C | चीन |
| iv | D | थाईलैंड |

## अनुभाग - सी / Section- C

**12.** **वैश्वीकरण ने विश्व को आर्थिक रूप से किस प्रकार प्रभावित किया? किन्हीं तीन प्रभावों का वर्णन कीजिये.** 3x2=6

उत्तर

**वैश्वीकरण के आर्थिक प्रभाव-**

1. वैश्वीकरण के कारण आर्थिक प्रवाह में वृद्धि हुई है. एफडीआई के कारण एक देश का बुनियादी ढांचा बेहतर हो जाता है और इसका विकास भी शुरू हो जाता है। यह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और तकनीकी नवाचार को बढ़ाने में मदद करता है।
2. वैश्वीकरण के कारण विश्व के अधिकाँश देशों की एक दूसरे पर निर्भरता में वृद्धि हुई है. पूंजी और संसाधनों की उपलब्धता अधिकाँश देशों को सुलभ हुई है.

| | | |
|---|---|---|
| | 3. वैश्वीकरण के कारण विश्व में अमीर व गरीब के बीच के अंतर में वृद्धि हुई है.<br>(या अन्य कोई प्रासंगिक बिंदु)<br>अथवा | |
| उत्तर | **वैश्वीकरण के युग में भारत किस प्रकार 5 ट्रिलियन अमरीकी डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है? अपने विचार व्यक्त कीजिये।**<br>परीक्षार्थी स्वविवेक से उत्तर देंगे। | 6 |
| **13.**<br><br>उत्तर | **एनडीए 4 से आप क्या समझते हैं? इसके द्वारा अपनाए गए किन्हीं दो महत्वपूर्ण एजेंडों के विषय में लिखिए.**<br>एनडीए को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन के नाम से जाना जाता है. भारतीय जनता पार्टी व अन्य पार्टियों द्वारा बने गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव को भारी मतों से जीता और इसी राजनैतिक दल को एनडीए 4 का नाम दिया गया।<br>इस पार्टी के विकास के लिए महत्वपूर्ण एजेंडे रहे:-<br>1. 2014 के पश्चात भारतीय राजनीति में एक बड़ा परिवर्तन जाति व पंथ आधारित राजनीति का विकास व सुशासन उन्मुख राजनीति की ओर स्थानांतरण है।<br>2. सबका साथ, सबका विकास' के अपने पूर्व इच्छित लक्ष्य के साथ, राजग सरकार ने विकास तथा सुशासन को जनता के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से विभिन सामाजिक-आर्थिक कल्याणकारी योजनाएँ प्रारम्भ की हैं, यथा-प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान, जन-धन योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, किसान फसल बीमा योजना, बेटी पढ़ाओ, देश बढ़ाओ', आयुष्मान भारत योजना आदि।<br>3. इन सभी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं, को केंद्र सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभार्थी बनाकर सामान्य जन के द्वार तक प्रशासन पहुंचाना रहा है।<br>4. विभिन्न राज्यों के मतदाता जातियों, वर्गों, समुदायों, लिंग तथा क्षेत्रों से ऊपर उठकर विकास और सुशासन के विषयों को केंद्रीय मंच पर लाने में सफल हुए । (कोई दो)<br>अथवा<br>**'मंडल कमीशन' की अध्यक्षता किसने की थी? इसकी स्थापना क्यों की गयी थी? इसकी मुख्य सिफारिशों को लिखिए.** | 6 |
| उत्तर | 'मंडल कमीशन' की अध्यक्षता बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल के द्वारा की गयी थी. वह एक समाजवादी नेता थे. वह 1967 और 1977 में संसद सदस्य चुने गए थे<br><br>"सामाजिक रूप से या शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग की पहचान करने के लिए" 1978 में 'अन्य पिछड़ा आयोग' स्थापना की गई थी. | 2+2+2<br>=6 |

| | | |
|---|---|---|
| | इसने 1980 में अपनी रिपोर्ट दी थी, लेकिन अगस्त 1990 में वीपी सिंह सरकार ने इस रिपोर्ट को लागू करने की घोषणा की. आयोग की प्रमुख सिफारिशें इस प्रकार थीं -<br>1. अन्य पिछड़े वर्गों की पहचान शैक्षिक और सामाजिक आधार पर की.<br>2. अन्य पिछड़े वर्गों के लिए शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी सेवाओं में आयोग ने 27% आरक्षण की सिफारिश की।<br>3. वित्तीय सहायता के लिए सरकार द्वारा अलग से वित्तीय संगठनों की स्थापना का सुझाव दिया.<br>4. सरकारी नौकरियों, तकनीकी और व्यावसायिक संस्थानों में इनके पर्याप्त प्रतिनिधित्व की सिफारिश की. | |